# ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश–177023 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **(क) प्रस्तावनाः–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव कार्यरत रहेः–**

प्रधान :–

| क्र॰ सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**पंचायत सचिव :–**

| क्र॰ सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सजय कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–** ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र॰ सं॰ | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(4) | रोकड़ बही एवं बैंक शेष में अन्तर पाया जाना | 0.08 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 8.30 |
| 3 | 7.1, 7.2 | पंचायत राजस्व वसूली हेतु शेष व प्राप्त आय के उचित लेखांकन के अभाव में दुर्विनियोजन | 0.09 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 8.1 | खंनन निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना अनियमित भुगतान | 7.06 |
| 5 | 8.2 | स्त्रोत पर जी.एस.टी.टी.डी.एस.की कटौती न करना | 0.18 |
| 6 | 9.1 | नेशनल अर्बन रूरल हैल्थ मिशन शीर्ष के अर्न्तगत अधिक भुगतान करना | 0.56 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना अनुसार हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला द्वारा ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर का यह प्रथम अंकेक्षण है।

## भाग—दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः—**

ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक व श्री पुनीत कुमार, आर्टीकल सहायक द्वारा दिनांक 26.04.2025 से 30.04.2025 तक ग्राम पंचायत बराड़ा के कार्यालय में किया गया। आय—व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया हैः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024—25 | 11/2024 | 09/2024 |

<u>**अस्वीकरण (Disclaimer):-**</u> **इस** ***अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग हि॰प्र॰ उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹4,800 (14 वें व 15 वे वित्तायोग के अवधि 04/2024 से 03/2025 तक के ऑनलाईन ऑडिट के अंकेक्षण शुल्क सहित) बनता है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना सं॰ 27/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत

द्वारा कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत, हमीरपुर के बैंक ड्राफ्ट संख्या केएए 270321 दिनांक 16.05.2025 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–9 को अपने कार्यालय पत्र संख्या 10 दिनांक 16.05.2025 द्वारा प्रेषित कर दिया गया है।

## 4. वित्तीय स्थितिः–

सचिव ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों की संकलित वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–1** पर दिया गया है ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान सभी(online) 17 रोकड़ बहियों अर्थात स्वः स्त्रोत,अनुदान(प्लानिंग),विकेन्द्रीकृत योजना कार्यक्रम(एस.डी.पी.),सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, केन्द्रीय राहत कोष, प्रधानमन्त्री आदर्श ग्राम योजना,नेशनल अर्बन रूरल हैल्थ मिशन, गुरू रवि दास योजना, इन्दिरा आवास योजना, राजीव आवास योजना, मुख्यमन्त्री आवास योजना, सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम, 14वाँ वित्तायोग, 15 वाँ वित्तायोग,व मनरेगा का रख–रखाव किया गया था।

**(1)(क) स्वः स्त्रोतः–** ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक की स्वः स्त्रोत व अनुदान की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024–25 | 665928.00 | 108857.00 | 774785.00 | 109776.00 | 665009.00 |

**(ख) अनुदानः–** ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक के अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है:–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024–25 | 931042.00 | 4431491.00 | 5362533.00 | 4532686.00 | 829847.00 |

| 14 वाँ वित्तायोग की वित्तीय स्थिति अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
| 2024–2025 | 6358.00 | 130.00 | 6488.00 | 0.00 | 6488.00 |

| 15 वाँ वित्तायोग की वित्तीय स्थिति अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित(₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
| 2024–2025 | 1606903.01 | 968170.00 | 2575073.01 | 810303.00 | 1764770.01 |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थितिः—** ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन (श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 तक के संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| संकलित वित्तीय स्थिति अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निधि का नाम | वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | आय ब्याज सहित (₹) | योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
| स्वः स्त्रोत | 2024—2025 | 665928.00 | 108857.00 | 774785.00 | 109776.00 | **665009.00** |
| 14 वाँ वित्तायोग | 2024—2025 | 6358.00 | 130.00 | 6488.00 | 0.00 | **6488.00** |
| 15 वाँ वित्तायोग | 2024—2025 | 1606903.01 | 968170.00 | 2575073.01 | 810303.00 | **1764770.01** |
| अन्य अनुदान | 2024—2025 | 931042.00 | 4431491.00 | 5362533.00 | 4532686.00 | **829847.00** |
| | संकलित वित्तीय स्थिति का कुल अन्तिम शेष (665009.00+6488.00+1764770.01+829847.00) | | | | | 3266114.01 |

**(2) दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन(श्री टौणी देवी जी) जिला हमीरपुर के बैंक शेष व हस्तगत राशि का अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से हैः—**

| क्र॰ सं॰ | खाता विवरण | | | अन्त शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|
| | **शीर्ष का नाम** | **बैंक का नाम** | **खाता संख्या** | |
| 1 | खाता 'क' (स्वयं स्त्रोत) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 20094003321 | 665009.00 |
| 2 | खाता 'ख' (अनुदान प्लानिंग) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 20089006056 | 376490.00 |
| 3 | विकेन्द्रीकृत योजना कार्यक्रम(एस.डी.पी.) | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50052474853 | 9045.00 |
| 4 | सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051688404 | 28016.00 |
| 5 | विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50059182241 | 122420.00 |
| 6 | केन्द्रीय राहत कोष | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194980 | 9621.00 |
| 7 | प्रधानमन्त्री आदर्श ग्राम योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50057175417 | 252017.00 |
| 8 | नेशनल अर्बन रूरल हैल्थ मिशन | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50077570446 | 392.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | गुरू रवि दास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194935 | 15.00 |
| 10 | इन्दिरा आवास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194899 | 8943.00 |
| 11 | राजीव आवास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194902 | 13607.00 |
| 12 | मुख्यमन्त्री आवास योजना | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194902 | 3692.00 |
| 13 | सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051194980 | 2637.00 |
| 14 | स्वच्छ भारत मिशन | कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित पंजोत | 50051195010 | 0.00 |
| 15 | 14 वाँ वित्तायोग | पंजाब नेशनल बैंक श्री टौणी देवी जी | 3310001700002340 | 111.00 |
| 16 | 14 वाँ वित्तायोग | पंजाब नेशनल बैंक श्री टौणी देवी जी | 3310000106755830 | 11.00 |
| 17 | 15 वाँ वित्तायोग | पंजाब नेशनल बैंक समीरपुर | 6811000100041051 | 1766370.00 |
| | | | **कुल योग (1) से (17)** | **3258396.00** |

**(3) बैंक समाधान विवरणी दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार :–**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | स्वंय स्त्रोत:– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | 665009.00 |
| (2) | 14 वें वित्तायोग:– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | 6488.00 |
| (3) | 15 वें वित्तायोग:– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | 1764770.01 |
| (4) | अनुदान :– दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तिम शेष | 829847.00 |
| (5) | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत की रोकड़ बहियों का कुल अन्तिम शेष | **3266114.01** |
| (6) | दिनांक 31.03.2025 को पंचायत के बैंक खातों/पैरा 4(2) के अनुसार विभिन्न बचत खातों का कुल अन्तिम शेष | **3258396.00** |
| (7) | अन्तर | **7718.01** |

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तशेष में ₹0.08 लाख के अन्तर का समाधान न करना :–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1)के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है। ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.2025 को निम्न तालिका में दिये विवरणानुसार रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अन्तिम शेष **₹7,718.01** राशि का अन्तर पाया गया, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता हैं:–

| **क्र॰ सं॰** | **रोकड़ बही का नाम** | **दिनांक 31.03.2025 को रोकड़ बही का अन्तशेष (₹)(+)** | **दिनांक 31.03.2025 को बैंक बचत खातों का अन्तशेष (₹)(-)** | **अन्तर (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | नेशनल अर्बन रूरल हैल्थ मिशन | 0.00 | 392 | -392.00 |
| **2** | गुरू रवि दास योजना | 3359.00 | 15.00 | +3,344.00 |
| **3** | 14 वाँ वित्तायोग | 6488.00 | 122.00 | +6,366.00 |
| **4** | 15 वाँ वित्तायोग | 1764770.01 | 1766370.00 | -1599.99 |
| | | | **कुल योग** | **7,718.01** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर मे उक्त अन्तर की राशि वारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या 02 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त पत्र में वर्णित रोकड़ बही का बैक खातों से राशि **₹7,718.01** के अन्तर का पता लगाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार अन्तर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अन्तर की राशि की वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए।

**5 सावधिक निवेशः–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष पंचायत निधि (स्वः स्त्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था।

अतः पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वः स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बही का नियमानुसार रख–रखाव करके, स्वः स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके तथा निवेश की स्थिति में हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 12(1) के प्रारूप 1 में निर्धारित निवेश रजिस्टर का रख–रखाव भी किया जाना सुनिश्चित करें तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

## 6. अनुदानः–

### 6.1 अनुदान राशि ₹8.30 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट–1** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹8,29,847**/– की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्रवाई करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों का तथ्यों सहित औचित्य स्पष्ट करते हुए नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये व तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना:—

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायतों को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए है एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए गए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतु प्रस्तुत कर दिए जाएंगें।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अपेक्षित कार्रवाई करके अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6.3 अनुदान के आदेश/स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :—

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 79(2) के अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है तथा सचिव, पंचायती राज विभाग, हि.प्र. शिमला —9 के पत्र संख्या पीसीएच—एच ए (5) सी 15313/89—4614—4787 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी व अन्य स्वीकृति एजेन्सी द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवाएगी ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित कर सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है। किन्तु अंकेक्षण के दौरान अनुदान आदेश/स्वीकृति पत्र अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किये गए।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश/स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नहीं हुए है तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरान्त मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रकिया है, क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

अनुदान के आदेश/स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सकता कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उदेश्य, कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे/ एवं प्राप्त अनुदान राशि सम्बन्धित स्कीम पर खर्च की गई थी अथवा नहीं?

अतः उक्त आदेश, स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह प्रकरण उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है।

## 7. पंचायत राजस्वः–

### 7.1 पंचायत गृहकर/ सम्पत्ति कर राशि ₹0.08 लाख वसूली हेतु शेष :–

**(क)** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को गृहकर/ सम्पत्ति कर की वसूली करना अपेक्षित है तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट) नियमावली 2002 के नियम 34(2) के प्रावधानानुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 की क्रम संख्या 6 के प्रतिउत्तर में **परिशिष्ट–2** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान गृहकर की देय राशि **₹**7,950/– वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | परिवार | गृहकर वार्षिक दर(₹) | माँग(₹) | कुल योग(₹) | प्राप्ति(₹) | वसूली हेतु शेष राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024–25 | 7000.00 | 657 | 50 | 32850.00 | 39850.00 | 31900.00 | 7950.00 |

उक्त सारणी में वर्णित तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभ्भीर नहीं है।

अतः गृहकर की राशि की वसूली न करने का नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्र वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### 7.2 रसीदों से प्राप्त ₹ 1200/– राशि का दुर्विनियोजनः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 6(3) के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव द्वारा प्राप्त राशियों को रोकड़ बही में दर्ज करने के उपरान्त बैंक मे जमा करवाना अनिवार्य है ।

ग्राम पंचायत के अवधि 04/2024 से 03/2025 के दौरान आय की रसीदों के अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट–3** में दिये गये विवरणानुसार **₹1,200/–** राशि का रोकड़ बही में इन्द्राज नहीं किया गया था और न ही इस राशि को बैंक में जमा करवाया गया था, परिणामस्वरूप राशि का दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या 02 दिनांक 30.04.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि रसीदों के रूप में प्राप्त **₹1,200/–** को रोकड़ बही में दर्ज करके तथा राशि को बैंक में जमा करवाकर अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत उक्त राशि को शीघ्र रोकड़ बही में लेखांकन करके राशि को बैंक में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने हेतु कारगर कदम उठाये जाये।

**8. व्ययः—**

**8.1 आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई खनन निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना राशि ₹7.06 लाख का अनियिमित भुगतान करनाः—**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियमावली 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम के द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत दण्ड़ शुल्क के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के निर्देशानुसार व माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के आदेशानुसार अब संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं (कॉन्ट्रैक्टर्स/वेंडर्स) से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जाएगी तथा भुगतान उनके द्वारा केवल वैध ट्रांजिट फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 में व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्रीं जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त नहीं किये थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को संलग्न **परिशिष्ट—4** अनुसार **₹**7,05,892.65/— का अनियमित भुगतान किया गया था।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव, द्वारा पत्र संख्या 02 दिनांक 30.04.2025 के माध्यम से सूचित किया गया कि "नियमों की जानकारी न होने के कारण उक्त वर्णित **₹**7,05,892.65/— राशि से सम्बन्धित फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता से नहीं लिए गए हैं, जिन्हे भविष्य में नियमानुसार लेकर ही भुगतान किया जाएगा प्रस्तुत उत्तर मान्य नहीं हैं, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म की अनुपस्थिति में अंकेक्षणावधि के दौरान आपूर्तिकर्ता को किये गये सम्पूर्ण भुगतान नियमों के विपरीत एवं अनियमित प्रतीत होता है।

अतः **₹**7,05,892.65/— राशि के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाए अथवा इस प्रकरण को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.2 संविदाकारों/आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. की कटौती न करने के कारण ₹0.18 लाख का अधिक भुगतान करना:–**

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की धारा 51 तथा हिमाचल प्रदेश आवकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78EXN-Tax-Part(278/25)-29056 दिनांक 29.09.2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था/स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/LocalAuthority/Govt.Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति फर्म, को सेवायें तथा वस्तुऐं प्रदान करने के बदले एकल अनुबन्ध के अन्तर्गत ₹2,50,000/– से अधिक राशि का भुगतान करने पर 2% (1% सी.जी.एस.टी.तथा 1% एस.जी.एस.टी. अन्तर्राज्यीय आपूर्ति एवंम 2% आई.जी.एस.टी. अन्तर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म/ संविदाकारों को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति सलंग्न **परिशिष्ट–5** अनुसार राशि ₹8,92,583/– (जी.स.टी.के अलावा) भुगतान किया गया था, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर राशि ₹17,851.66/– की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित प्रक्रिया है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/2025 दिनांक 30.04.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या 02 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं ₹8,92,583/– की सामग्री की आपूर्ति करने पर नियमानुसार ₹17,851.66/– जी.एस.टी.,टी.डी.एस की कटौती बिलों में से नहीं की गई है, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा तथा इसकी वसूली सम्बन्धित से करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः जी.एस.टी. (टी.डी.एस.) की कटौती न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने के उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9. निर्माण कार्यों पर व्यय से सम्बन्धित अनियमितताएँ:–**

**9.1 ₹0.56 लाख का अधिक व अनियमित भुगतान करना:–**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के प्रावधानानुसार सम्बद्ध पंचायत का सचिव पंचायत निधि से किए गए अति संदाय चाहे सदभाव से किया गया है, की तत्पर वसूली करने का जिम्मेदार होगा।

अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान नेशनल अर्बन रूरल हैल्थ मिशन शीर्ष के अर्न्तगत करवाये गए निर्माण कार्य के मूल्याकंन से सम्बन्धित माप पुस्तिका की जाँच में पाया गया कि जेसीबी मशीन द्वारा की गई कटिंग कार्य के रूप में अधिक राशि का भुगतान किये जाने के कारण निम्न तालिका में दिये विवरणानुसार **₹56,186/–** राशि का दुर्विनियोजन/दुरूपयोग किया गया प्रतीत होता है जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–6** पर भी दिया गया है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **(1)कार्य का नाम :–राजकीय प्राथमिक विद्यालय बराड़ा के परिसर में जेसीबी मशीन द्वारा की गई कटिंग कार्य :-** | | | | |
| **स्वीकृत राशि** :- ₹5,99,320 | | | | |
| व्यय :- ₹5,99,320 | | | | |
| **मापन पुस्तिका व पृश्ठ संख्या** | **मद का नाम** | **मात्रा (घन मीटर)** | **रूपांतरण कारक** | **जेसीबी (घन मीटर)** |
| 384817<br>71 से 74 | **जेसीबी मशीन द्वारा की गई कटिंग कार्य** | 1048.20 | – – | 1048.20 |
| **योग** | | | | **1048.20** |
| बिल संख्या 10 से 21 द्वारा जारी खपत मात्रा | | | | **1142**<br>(घन मीटर) |
| अधिक खपत/जारी निर्माण सामग्री | | | | **93.8** |
| क्रय दर | | | | **599** |
| अधिक भुगतान (93.8x 599) | | | | **56186.20** |
| कुल अधिक भुगतान | | | | **56186/-** |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 28/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा उक्त वित्तीय अनियमितता का प्रकरण सचिव ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या 02 दिनांक 30.04.2025 के तहत अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित जे0सी0बी0 (कटिंग) के रूप में **₹56,186/–** की राशि के अधिक भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जायेगी।

अतः अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत प्रश्नात्मक राशि की वसूली उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाए एवं कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10. विहित रजिस्टरों/अभिलेख का अनुरक्षण न करना:–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 व हि॰ प्र॰ पंचायती राज (सामान्य) नियमावली 1997 के नियम 34 के प्रावधित महत्वपूर्ण रजिस्टरों/अभिलेखों का अनुरक्षण किया जाना आपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का अनुरक्षण नहीं किया गया था, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है:—

| क्र॰ सं॰ | रजिस्टर/अभिलेख | फॉर्म संख्या | सन्दर्भित नियम |
|---|---|---|---|
| हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित, बजट, संपरीक्षा,लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 | | | |
| 1 | अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर | 9 | 30 |
| 2 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61(2) |
| 3 | बजट प्राक्कलन | 11 | 37 |
| 4 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 व 26 | 72(1) |
| 5 | गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों से सम्बन्धित अभिलेख का अनुरक्षण न करना | 30 | 89 |
| 6 | निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर | 31 | 95(1) |
| 7 | निर्माण कार्यों का रजिस्टर | — | 103 |
| 8 | माप पुस्तिकाओं का अनुरक्षण रजिस्टर | — | 101(2)(V) |
| हि॰ प्र॰ पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 | | | |
| 1 | विकास कार्य निष्पादन रजिस्टर | 7 | 34 |
| 2 | अनुदान रजिस्टर पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 | 8 | 34 |
| 3 | अचल सम्पत्ति रजिस्टर | 11 | 34 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत को सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव, द्वारा पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 के माध्यम से अंकेक्षण को स्पष्ट किया गया कि पंचायत द्वारा इन रजिस्टरों/अभिलेखों का रख—रखाव नहीं किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में सभी रजिस्टरों का तैयार कर लिया जाएगा और अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर सभी रजिस्टरों को नियमानुंसार संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा जाए।

## 11. भण्डार का प्रत्यक्ष सत्यापन न करना:—

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम **73** के अन्तर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा भण्डार का नियमानुसार प्रत्यक्ष सत्यापन अंकेक्षण अवधि में एक भी बार नहीं किया गया था, जिसके बिना वाउचर/बिल विशेष के तहत खरीदी गई सामग्री की तिथि विशेष को भौतिक रूप में उपलब्धता एवं उसकी वर्तमान स्थिति का पता नहीं लगाया जा सका। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 26/2025 दिनांक 30.04.2025 के क्रम संख्या 9 की अनुपालना में पत्र संख्या 01 दिनांक 30.04.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि अंकेक्षण अवधि 04/2024 से 03/2025 तक स्टोर/स्टॉक का भौतिक सत्यापन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं करवाया गया है जिसे भविष्य में नियमानुसार सत्यापित करवा लिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण

मान्य नहीं है क्योंकि गत अवधि में क्रय किये गये स्टोर/स्टॉक के भौतिक सत्यापन के अभाव में उसके दुरूपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

अतः इस सन्दर्भ में आपको परामर्श दिया जाता है कि नियमानुसार अपेक्षित सुधारात्मक कार्रवाई अमल मे लाकर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

12. **लघु आपत्ति विवरणिकाः**— लघु आपत्तियों का मौके पर ही निपटारा करके यह विवरणिका अलग से जारी नहीं की गई।

13. **निष्कर्षः**— लेखों में पर्याप्त सुधार और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता हैं।

(श्रीराम सुनील)
सहायक निदेशक
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला—171009
फोन नं0 0177—2620046

2 1 JUN 2025

का०/प्रति०

3984 – 3988

पृष्ठांकन संख्याः— फिन (एल0ए0) एच (पंच) (15)(6)125/2025 खण्ड—1 दिनांक शिमला—09

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कसुम्पटी, शिमला—171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर सभी सम्बन्धित को एक माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।
2. उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि0प्र0 विधानसभा शिमला—4 को सूचनार्थ प्रेषित है।
3. जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हि0प्र0।
4. खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर, हि0प्र0।

पंजीकृत 5. सचिव, ग्राम पंचायत बराड़ा, विकास खण्ड बमसन, जिला हमीरपुर हि0प्र0 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उतर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

